# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–31.12.2024** **(दोपहर–1455 बजे)**

*****************

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। उन्होंने पलामू के मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। दरअसल, इसी महीने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए श्री मुरुगन पलामू का तीन दिवसीय दौरा किया था। इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री से स्थानीय सांसद और विधायकों के साथ–साथ स्थानीय लोगों ने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की थी। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव से कई प्रखंडों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने मोहम्मदगंज में दो जगहों पर अंडरपास बनाने का भी अनुरोध किया है।

*****************

चतरा जिले के सिमरिया और लावालौंग में केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए के अधिकारियों के दल ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुछ लोगों से पूछताछ की गई और कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए। एनआईए की तरफ से टीएसपीसी के खिलाफ यह कार्रवाई 2016 में टंडवा थाने में दर्ज लेवी वसूली और धनशोधन से जुड़े एक मामले में की गई है।

*****************

रेल मंत्रालय, प्रयागराज महाकुंभ के लिए तीन हजार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। इनमें एक हजार आठ सौ छोटी दूरी और सात सौ लंबी दूरी के लिए रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा। रेल मंत्रालय ने बताया है कि मेला क्षेत्र के अलावा प्रयागराज के नौ रेलवे स्टेशनों पर पांच सौ साठ स्थानों पर टिकट उपलब्ध कराई जायेंगी। महाकुंभ के लिए रेलवे ने 15 दिन पहले रेलवे टिकट जारी करने की सुविधा शुरू कर दी है।

*****************

वर्ष 2024 के समापन के अवसर पर आज समाचार एकांश द्वारा (ईयर एन्डर–2024) प्रसारित किया जाएगा। इसे आप सुन सकेंगे आज रात सवा आठ बजे आकाशवाणी रांची के प्राइमरी चैनल पर।

*****************

नए साल को देखते हुए लोगों में उत्साह का माहौल है। राज्य में सैलानियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। इधर जमशेदपुर टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में नए साल का जश्न मनाने के लिए सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है। पार्क के डायरेक्टर नदीम अख्तर ने बताया कि हफ्ते में एक दिन सोमवार को पार्क बंद रहता है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग आने के कारण सोमवार को भी पार्क खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 1 जनवरी को पांच हजार एक सौ सैलानियों ने शिरकत की थी, लेकिन इस बार 30 दिसम्बर को ही सात हजार से ज्यादा विजिटर आए।

*****************

देवघर में बाबा मंदिर प्रभारी सह एसडीओ रवि कुमार ने नए वर्ष के आगमन को लेकर बाबा मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय की सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया है।

*****************

गढ़वा ज़िले में मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से मछली पालकों और किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ना और आत्मनिर्भर बनाना है।

*****************

राज्य में पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार साल के अंत और नए साल की शुरुआत में राज्य में ठंड बढ़ने की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के उत्तरी भाग में घना कोहरा देखने को मिलेगा।

****समाप्त****